
## 5.3 Social impact of extension activities

Atal Bihari Vajpayee Government Degree College Takipur organizes various extension activities that positively influence the local community and encourage students to participate in social service.

**1. Cleanliness Drive and Awareness Rally – 01 October 2024**
NSS volunteers organized a cleanliness drive at the Primary Health Centre (PHC) Takipur and conducted an awareness rally in the nearby village.
*Impact:* The activity promoted hygiene awareness among villagers and encouraged community participation in maintaining cleanliness and public health.


दिनाँक : 1/10/24 पहली नज़र


एन.एस.एस. ईकाई द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का किया आयोजन

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत एन.एस.एस. ईकाई के द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डा० आर. एस. गिल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली महाविद्यालय के प्रांगण से होते हुए तकीपुर से कंडी रोड होते हुए दौलतपुर बाज़ार तक गई। जिसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवा के स्वयंसेवियों द्वारा राहगीरों और ग्रामीणों को अपने आसपास स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। तथा उनको इश्तहार भी बाँटे। उसके पश्चात यह रैली स्वच्छता ही सेवा के नारों के साथ महाविद्यालय के प्रांगण में एकत्रित हुए और वहाँ पर प्राचार्य डा० आर० एस० गिल द्वारा स्वयंसेवियों व अन्य छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा "स्वच्छ भारत अभियान" भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत में स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरूक करना है कि वे अपने घरों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखें। यह अभियान जीवन की गुणवता को बेहतर बनाने के लिए ही नहीं, बल्कि स्वच्छता से जुड़ी अनेक बीमारियों को भी नियन्त्रित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से, हम एक स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इस रैली में लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

Principal
Atal Bihari Vajpayee
Govt. Degree College, Takipur
Distt. Kangra (H.P.)
D.D.O. Code - 280






दिनांक : 01/10/2024 — पहली नजर, दिव्य हिमाचल

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर के एन. एस. एस. ईकाई द्वारा P.H.C. तकीपुर में एक दिवसीय कैंप का किया आयोजन

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तकीपुर में सफाई अभियान चलाया, जिसमें हॉस्पिटल के परिसर तथा आस-पास सफाई की गई। जिसका उदेश्य स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस पर एन० एन० कार्यक्रम अधिकारी प्रो० प्रीति और प्रो० लेखराज ठाकुर ने बताया कि आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत राष्ट्रीय स्वयं सेवियों ने साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही सभी को निर्देशित किया गया कि हमें साफ-सफाई रखने की नियमित आदत डालनी चाहिए।

इस अवसर पर प्राचार्य डा० आर० एस० गिल ने सभी तकीपुर वासियों से अपील की, कि स्वच्छता के इस अभियान में एक साथ मिलकर अपने गांव व कस्बे में अधिक संख्या में शामिल होकर सहभागी बनें। इस कार्यक्रम में प्रो० विजय कुमार ने भी स्वयं सेवकों के साथ श्रमदान किया। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब द्वारा स्वास्थ्य स्वच्छता तथा तनाव प्रबन्धन के बारे में बच्चों को जागरूक किया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में वैद्य श्री नवीन शर्मा ने शिरकत की तथा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा तनाव मुक्त रहने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। क्लब के नोडल अधिकारी प्रोफेसर अमन वालिया ने धन्यवाद प्रस्तुत किया तथा साथ ही वर्ष भर इस क्लब के अन्तर्गत चलने वाली योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस



कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया व इस अवसर पर, डॉ० भगवान दास, डॉ० अश्वनी, प्रो० अमन वालिया, प्रो० सुनील, श्री जनक राज, श्री योगेश्वर, श्री ओंकार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें शोबिन, पीयूषा, साहिल, अनुज, मुस्कान, वरसोला, पलक, तनिशा, कशिश, रूही आदि स्वयं सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



**पीएचसी तकीपुर में स्वच्छता का पढ़ाया पाठ**

कांगड़ा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तकीपुर में सफाई अभियान चलाया। इसमें हॉस्पिटल के परिसर तथा आस-पास सफाई की गई। इस पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रीति और प्रो. लेख राज ठाकुर ने साफ- सफाई रखने की नियमित आदत डालने की नसीहत दी। इस कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान डा. भगवान दास, डा. अश्वनी, प्रो. अमन वालिया, प्रो. सुनील जनक राज, मुनीष कुमार, योगेश्वर, ओंकार सिंह उपस्थित रहे।


दिव्य हिमाचल
1/10/2024

Principal
Atal Bihari Vajpayee
Govt. Degree College, Takipur
Distt. Kangra (H.P.)
D.D.O. Code - 280

**2. Career Guidance Program – 18 December 2024**

A career guidance session was conducted for students of Government High School Takipur to inform them about higher education and career opportunities.

*Impact:* The program motivated school students to continue their education and helped them gain clarity about future academic and career options.



दिनांक : 18/12/2024 दैनिक जागरण

197

तकीपुर स्कूल में विद्यार्थियों के उत्थान पर हुई चर्चा

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर के शैक्षणिक विकास प्रकोष्ठ ने प्राचार्य डा० रविन्द्र सिंह गिल की अध्यक्षता में राजकीय उच्च विद्यालय का दौरा किया। यहाँ पर प्राचार्य डॉ० रविन्द्र सिंह गिल तथा विद्यालय के मुख्याध्यापक जगभूषण की अध्यक्षता में सर्वांगीण विकास व विद्यालय के ढाँचागत संवर्द्धन व विद्यार्थियों के उत्थान के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसमें शैक्षणिक विकास प्रकोष्ठ के सदस्यों के अलावा कार्यक्रम के संयोजक डा० भगवान दास तथा विद्यालय के शिक्षकों ने अपने विचार रखे।

तकीपुर कॉलेज से डॉ. प्रीति बाला तथा राजकीय उच्च विद्यालय से नगमा को जिम्मेदारी सौंपी गई। नौवीं व दसवीं के छात्र-छात्राओं को वृत्तचित्र के माध्यम से महाविद्यालय की आंतरिक गतिविधियों, प्रशासनिक ढाँचा, विभिन्न संकायों, पुस्तकालय व अन्य दी जा रही सुविधाओं के बारे में समझाया गया। महाविद्यालय शैक्षणिक विकास प्रकोष्ठ की ओर से 20 दिसंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर व सुन्नी का दौरा किया जायेगा। इस मौके पर प्रो० अमन वालिया, प्रो० मेधा शर्मा, प्रो० साहिल, सुषमा देवी, अंजु शर्मा, आशा कुमारी व बलजिन्दर सिंह उपस्थित रहे।

Principal,
G.D.C., Takipur.

**3. Awareness Program on World Water Day and Swachhata Pakhwada – 22 March 2025**
Students organized an awareness program highlighting the importance of water conservation and sanitation.
*Impact:* The initiative increased awareness about responsible water use and inspired community members to adopt environmentally responsible practices.

Dated: 22/3/2025

The Tribune : 24/3/2025




College students during a cleanliness drive on World Water Day at Takipur.

# Awareness campaign on World Water Day at Takipur college

OUR CORRESPONDENT

DHARAMSALA, MARCH 23

The Government College at Takipur in Kangra district organised an awareness programme on the occasion of World Water Day, under the joint aegis of the National Service Scheme (NSS) unit and the Central Ground Water Board, Government of India.

This year's theme was, "Water and sustainable development", which focused on the importance of water conservation. Natural water sources were cleaned. Local residents were encouraged to save water considering its importance in everyday life today.

Speaking on the occasion, college Principal Dr RS Gill highlighted the significance of water conservation. He said water consumption in India was increasing rapidly. He warned that if water crisis was not addressed in time, the situation could become severe in the future. He also emphasised on the need to turn Prime Minister Narendra Modi's "Catch the Rain" campaign into a mass movement.

On the occasion, Dr Sanjay Pandey, hydrogeologist, and ML Meena, Executive Engineer, Central Ground Water Board, Dharamsala, were present as special guests. They delivered a detailed lecture on the importance of water conservation and honoured NSS volunteers with T-shirts and caps.

**Cleanliness drive in surrounding areas**

"Swachhata Pachhwara", a cleanliness drive was held in the surrounding areas of Takipur to collect and scientifically dispose of plastic waste. College students together with volunteers of Anganwadi and Mahila Mandal and panchayat representatives enthusiastically participated in the cleanliness drive to conserve water sources. On the occasion, Ishaant Jaswal, Sub-Divisional Officer (Civil), Kangra, who was the chief guest, highlighted the urgent need for water conservation, while emphasising on the judicious use of water and saving it from pollution. Besides, Jal Shakti Department (JSD), Kangra division, and Government College in collaboration with Gramin Yuva Sangathan, Daulatpur, organised an awareness workshop on the occasion of World Water Day.

Principal
Atal Bihari Vajpayee
Govt. Degree College, Takipur
Distt. Kangra (H.P.) - 176038

Danik Savera 22/3/2025

# विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यशाला

सवेरा न्यूज/ मनोज

कांगड़ा, 22 मार्च : हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग, कांगड़ा एवं राजकीय महाविद्यालय तकीपुर, जिला कांगड़ा द्वारा ग्रामीण युवा संगठन, दौलतपुर के सहयोग से विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी इशांत जसवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा जल संवर्धन की आवश्यकता तथा समाज में जागरूकता को महत्वपूर्ण आयाम बताते हुए जल के उचित प्रयोग व प्रदूषण रोकने के लिए ठोस कदम अपनाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीओ जल शक्ति विभाग, कांगड़ा संजय भारद्वाज द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रविंद्र सिंह गिल ने उपस्थित जनसमूह से जल, पर्यावरण व वनों की रक्षा हेतु सजग प्रहरी बनकर बढ़ते हुए अतिक्रमण, असंतुलित विकास व प्रदूषण के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का आह्वान किया।



कार्यक्रम में जल शक्ति विभाग द्वारा वर्ष 2023 के दौरान बाढ़ व आपदा प्रबंधन के लिए सुरेश कुमार, जितेंद्र, विपिन कुमार, सुभाष चंद, अनूप सिंह व अग्निशमन विभाग से अनिल कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया।

Amar Ujala.

# विद्यार्थियों को जल संरक्षण पर किया जागरूक




कॉलेज विद्यार्थी और स्टाफ ने एकत्रित किया कचरा। स्रोत : कॉलेज

कांगड़ा। तकीपुर कॉलेज में शनिवार को विश्व जल दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और केंद्रीय भूजल बोर्ड धर्मशाला के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में 'जल और सतत विकास' विषय पर जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के बाद एनएसएस स्वयंसेवियों और अन्यों ने प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई कर स्थानीय लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों को टी-शर्ट और कैप देकर सम्मानित किया गया। संवाद

डिजिटल अखबार

पहली नजर

सबसे पहले, सबसे तेज

# विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य पर जागरूकता कार्यशाला का किया आयोजन




S.M. EYE HOSPITAL
Super Speciality Eye Care
Laser Centre
GHURKARI (KANGRA)
1st NABH EYE HOSPITAL IN HIMACHAL PRADESH
DR. BINA SHAH
DR. LALIT SINGHAL


Principal
Atal Bihari Vajpayee
Govt. Degree College, Takipur
Distt. Kangra (H.P.) - 176038